हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 3 इनामी सहित 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण





10 जिले की ग्राम पंचायतों में रोपे गए 50 हजार छायादार पौधे





**प्रवेश प्रारंभ**
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830


## खबर संक्षेप

### विश्व जनसंख्या दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने दिया संदेश

**कांकेर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सचिव भास्कर मिश्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जनसंख्या विस्फोट, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थय के प्रति जागरूक करना है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण और जीवन स्वास्थ में गिरावट जैसी समस्या नियंत्रण के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे की आने वाला भविष्य उज्वल हो। उक्त शिविर में बाल विवाह, बाल श्रम, वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे कानूनी की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज की प्राचार्य पूजा पांडे, कौशल रजक, पैरालीगल वोलेंटियर नीलकमल मटियारा उपस्थित रहे।

### वारदात : पुलिस का दावा, जल्द होगा खुलासा

# घायल बेटे को घटनास्थल लेकर पहुंची पुलिस शहर के मध्य दोहरे हत्याकांड से मची दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के बीचोंबीच अनुपमा चौक में बीती रात अज्ञात लोगों ने चना मुर्रा व्यवसायी के घर पर हमला बोलते हुए मां व एक बेटे की निर्ममता से हत्या कर दी। इस हमले में छोटा बेटा भी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड का पता तब चला जब आस- पड़ोस के लोग मृतिका के घर से नहीं निकलने पर आवाज लगाई और किसी हादसे की आंशका से इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और घर के पीछे से जाकर सामने का दरवाजा खोलने पर मां व बेटे का शव मिला। वहीं बाथरूम में एक बेटा बेहोशी की अवस्था में पड़ा हुआ मिला था, जिसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर दोहरे हत्याकांड से पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया सूचना मिलते ही बस्तर आईजी सुंदरराज पी, एसपी शलभ कुमार सिन्हा समेत फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अनुपमा चौक निवासी गायत्री गुप्ता लगभग 55 वर्ष अपने दो बेटों नीलेश गुप्ता 32 वर्ष और नितेश गुप्ता 29 वर्ष के साथ रहती थीं। वह घर के सामने चना मुर्रा की दुकान चलाती थी। तीनों बीती रात शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे7 जहां से रात लगभग 11 बजे घर वापस लौटने के बाद सोए हुए थे। घायल पुत्र ने पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि रात में लगभग ढाई बजे जब वह बाथरूम जाने उठा था। तभी बगल के ज्वेलरी की दुकान के पीछे चार लोग सदिंग्ध अवस्था में दिखाई दिए आवाज देने पर उन्होंने उसे बाथरूम के पास पिटाई की और हाथ पैर बांधकर बाथरूम में मरा हुआ जानकर छोड़ दिया। इसी दौरान आवाज सुनकर बड़ा भाई व मां भी उठे जिन पर उन्होंने हथौड़े जैसे हथियार से हमला किया जिससे दोनों की मौत हो गई। बहरहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की विवेचना कर रही है। देर शाम छोटे भाई को घटनास्थल पर ले जाकर घटना की विस्तृत जानकारी ली गई है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही है।

**सबूत मिले**

मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। दो लोगों की हत्या आपसी कलह, पुराने विवाद या अन्य कारणों से की गई इसकी जांच की जा रही है। शाम को घायल नितेश गुप्ता को घटनास्थल ले जाया गया था। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**सुंदरराज पी,** आईजी, बस्तर।

### कोतवाली थाना क्षेत्र में एक माह में दूसरा डबल मर्डर

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक माह के अंतराल में यह दूसरा दोहरा हत्या का मामला हुआ है। इससे पूर्व जमीन विवाद के चलते ग्राम इरिकपाल में दो भाइयों की 12 लोगों ने मिलकर हत्या कर दी थी। दोनो भाई चन्द्रशेखर व योगेश कश्यप की उस समय हत्या कर दी गई जब वे अपने खेत में काम कर रहे थे। इस मामले में शामिल सभी 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### हत्या की खबर से घंटों जमे रहे लोग, दहशत व भय का माहौल

सुबह जब दोहरे हत्याकांड की खबर सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंची। तब से दोपहर तक लोगों की भीड़ घटनास्थल के बाहर डटी रही। लोगों को हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शहर में हुए दोहरे हत्याकांड ने एक बार फिर कानून व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं से लोगों में भय व दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

### हमलावार पीछे से घुसे थे, घायल नितेश ने दी अहम जानकारियां

वारदात में घायल नितेश ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चार लोग ज्वेलरी शॉप में चोरी करने के नियत से घर में घुसे हुए थे। उन्हें देखकर जब वह चिल्लाने लगा तो आरोपियों ने उसे बंधक बना लिया और उसकी पिटाई की। इस बीच जब मां और बड़े भाई आवाज सुनकर आए तो उसके आंखों के सामने ही आरोपियों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया और आरोपी फरार हो गए। उसने बताया कि उनके मकान से लगे त्रिशला ज्वेलर्स में चोर पीछे की ओर से दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान घायल युवक की नींद खुली और उसके जोर से चिल्लाने पर चारों ने मिलकर उसे बांध दिया और पीटा जिससे वह बेहोश हो गया था।

## 24 घंटे के भीतर डबल मर्डर के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तो शनिवार को शहर बंद : मौर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- प्रदेश और बस्तर में अपराधी बेलगाम, हत्या, डकैती, चोरी की घटनाएं बढ़ी
- भाजपा के शासनकाल में जगदलपुर अब अपराधपुर बनते जा रहा

शहर के हृदय स्थल में हुए डबल मर्डर की गुत्थी नहीं सुलझी और आरोपियों की 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तारी नही हुई तो शनिवार को कांग्रेस शहर बन्द कर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने पर बाध्य होगी। प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के सुशासन का खोखला दावा करने वाले भाजपा सरकार के राज में आये दिन प्रदेश और बस्तर में अपराधी बेलगाम हो गए है। हत्या, डकैती, चोरी की घटना बढ़ गई है। बावजूद अपराधी तत्व पुलिस शिकंजे से बाहर है। यह आरोप बस्तर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने गुरुवार को राजीव भवन में प्रेसवार्ता के दौरान लगाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा के राज में लगातार अपराध बढ़ते ही जा रहा है। पिछले सप्ताहभर में कई घटनाएं हुई है। पुलिस की नाकामी के चलते शहर में जघन्य हत्याकांड हुई है। शहर में सप्ताहभर के भीतर खुलेआम चाकूबाजी, तलवारबाजी, ⏭ शेष पेज 10 पर

## दाल में फफूंद और शौचालय में गंदगी देख भड़के जनपद अध्यक्ष

**करपावंड**। बकावंड विकासखंड के करपावंड में स्थित 420 सीटर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुंचे भाजपा नेताओं ने अव्यवस्था देख नाराजगी जताते शाला प्रबंधन को हालत में सुधार लाने के निर्देश दिए। जनपद अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप फफूंद दाल और शौचालय में गंदगी देख कर भड़क गए। भाजपा नेताओं ने बच्चों से



मिल रही सुविधाओं के विषय में पूछताछ की, बच्चों ने बताया कि तेल, साबुन ⏭ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### बच्चों ने खीर, पूड़ी व मिठाई का लिया लुत्फ

**कुरुद।** संयुक्त शिक्षक संघ ब्लाक कुरूद के अध्यक्ष एवं शा.मा. शाला के शिक्षक हुमन चंद्राकर ने अपने जन्मदिवस पर शाला परिसर में पौरोपण किया। सभी बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी व मीठा खिलाया। स्कूल के बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं श्रेष्ठ कार्य करने की सीख देते हुए परिवार, समाज व गांव की विशिष्ट पहचान बनाने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक नेमसिंह दीवान, संकुल समन्वयक टाकेश्वर साहू, कामेश्वर साहू, बाबूलाल कंवर, भीमराव मेश्रम, मधु दीवान समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### निषाद समाज की बैठक 12 को

**धमतरी।** निषाद सदन भवन अंगारमोती रुद्रेश्वर परिक्षेत्र भवन जिला कार्यालय दानीटोला धमतरी में 12 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 12 बजे निषाद समाज की मीटिंग रखी गई है। जिला अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने बताया कि जिला संगठन का चुनाव होना है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### 12 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए इच्छुक जिले के युवक-युवतियाँ 12 जुलाई सायं 05 बजे तक आवेदनकर सकते है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप नियम तथा शर्तें विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सफलता : लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर किया समर्पण

# 3 इनामी सहित 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 2 ईनामी सहित 3 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। कोंटा एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय रहते हुए नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे।

3 नक्सली मेहता आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष कुंजामी मुका पिता स्व. कुंजामी जोगा उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी पीलावाया थाना कोन्टा एक लाख रुपए ईनामी, मेहता आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर माड़वी मुया पिता माड़वी केशा उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी पीलावाया थाना कोन्टा जिला सुकमा एक लाख रुपए ईनामी एवं जियाकोड़ता आरपीसी सीएनएम सदस्य गुड्डी करटाम पिता बोड्डा करटाम उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी एटेपाल पटेलपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा ने आत्म समर्पण किया है। 11 जुलाई को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अनिल कुमार प्रसाद कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी, सुनील भवर कमाण्डेंट 231वीं वाहिनी, पवित्र चक्रवर्ती द्वितीय कमान अधिकारी 230वीं वाहिनी, सत्य नारायण तंवर द्वितीय कमान अधिकारी 231वीं वाहिनी, मुकेश कुमार उप कमाण्डेंट 231वीं वाहिनी, धर्मेन्द्र सिंह उप कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय स्मृतिक राजनाला एवं रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत ईनामी राशि के अतिरिक्त 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं शासन की पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जाएगा।

### कोंटा में एक इनामी सहित चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कोण्टा।** नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति तथा नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर एक लाख के एक इनामी सहित चार नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। ज्ञात हो कि अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित व पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आज आत्मसमर्पित करने



वाले नक्सलियों में एक महिला नक्सली सोड़ी सोमे पति माड़वी कोसा अरलमपल्ली पंचायत केएमएस सदस्या, दिरदो हिड़मा पिता नागा ग्राम टेटेमडगू आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष ईनामी एक लाख थाना किस्टाराम क्षेत्र,पोड़ियाम हुंगा पिता पोड़ियाम हिड़मा ग्राम टेटेमड़गू आरपीसी मिलिशिया सदस्य,ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में समर्पण किया। इस दौरान एस. के. दिनेश, सहायक कमाण्डेन्ट 188 वाहिनी सीआरपीएफ, निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल एवं निरीक्षक मुकेश कुमार बिष्ट, 188 वाहिनी सीआरपीएफ मौजूद थे। महिला नक्सली सोडी सोमे को समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने 188 वाहिनी सीआरपीएफ सूचना शाखा एवं शेष नक्सलियों को नक्सल सेल सूचना शाखा तथा डीआरजी सुकमा का विशेष प्रयास रहा। वही अन्य चौथे नक्सली मुचाकी देवा पिता स्व. मुचाकी हड़मा तुमालपाड़ आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष निवासी एंटापाड़ थाना चिंतागुफा क्षेत्र ने दुर्गा राम, द्वितीय कमान अधिकारी 50 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल के समक्ष बिना हथियार के समर्पण किया गया। उक्त नक्सली को समर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में मृण्मय बैनर्जी, सहायक कमाण्डेन्ट 50 वाहिनि सूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

## पटवारी तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजस्व पटवारी बुधवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। धरनास्थल गांधी मैदान में बैठकर आवाज बुलंद की एवं मांगों के समर्थन में नारे लगाए। धरने पर बैठे संघ के तहसील अध्यक्ष विकास साहू, सीताराम सिन्हा, परस चंद्राकर, नागेश्वर साहू, प्रमोद मिश्रा, प्रकाश साहू, योगेंद्र साहू, तुलसी साहू, प्रवीण टिकरिहा, विनोद पटेल, विकास साहू, इंद्रजीत सिन्हा, प्रकाश कोरेटी, संतोष शांडिल्य, बोधनारायण साहू, भावना घोरपड़े, विमला साहू, बबीता साहू, फातिमा अली, नम्रता शर्मा, ममता सिन्हा, कुसुमलता रामटेके, खिलेंद्र पटेल, विरेंद्र कुंजाम ने बताया कि आनलाइन कार्य करने में उन्हें काफी दिक्कतें हो रही हैं। शासन की ओर से उन्हें कम्प्यूटर, लेपटाप, प्रिंटर, स्केनर, इंटरनेट आदि की सुविधा नहीं मिल रही है। पटवारी अपने संसाधन से आनलाइन का कार्य करते हैं जो पटवारियों पर अतिरिक्त भार है। आनलाइन नक्शा बटांकन संशोधन की प्रक्रिया ठीक नहीं है। अनुमोदन नहीं मिलने तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन नहीं किया जा सकता, जिसकी वजह से विलंब होता है। जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की जाए ताकि छोटी समस्याओं के लिए रायपुर जाना न पड़े। त्रुटिपूर्ण खसरा जो बैंक में बंधक है उसकी सूची बनाकर रायपुर भेजा गया है।

## इंस्टाग्राम में हुई दोस्ती और प्यार, अनाचार कर फरार हुआ युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

■ फरसगांव थाने में एफआईआर दर्ज

थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली प्रार्थिया के साथ कानपुर के युवक से पहले इंस्ट्राग्राम से दोस्ती हुई की फिर धीरे से दोनों में प्यार हुआ। एक दिन युवक, युवती के घर आया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का झांसा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है ।

फरसगांव थाना प्रभारी नरेश कुमार साहू ने गुरुवार को बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली प्रार्थिया ने 16 जून को थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई की एक वर्ष पूर्व 2023 के जुलाई महीने में इंस्ट्राग्राम के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई उसने अपना नाम अजय समरथ बताया। दोनों के बीच दोस्ती हुई। फिर धीरे धीरे बात करते करते दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और प्यार हो गया। इसी दौरान युवक एक दिन अक्टूबर महीने में युवती के घर आ गया। उस दिन युवती के अलावा घर पर कोई नहीं था। इसी बात का फायदा उठाकर युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर शादी करने की बात कहते हुए कई बार दुष्कर्म किया और चला गया। धीरे से वह बात करना बंद कर दिया और शादी करने से मना कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 , 417 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए टीम रवाना की गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### शाला परिसर में हुआ फलदार, फूलदार छायादार पौधों का रोपण

**नगरी।** सेवानिवृत प्रधानपाठक अमाली जीआर मरकाम की पत्नी श्रीमती पवनबाई मरकाम की आत्मा की शांति के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अमाली के बच्चों को शांति भोज कराया गया। पवनबाई की स्मृति में उनके परिवारवालों द्वारा शाला परिसर में फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर लोकेश, रमेश, अशोक, टोपेश, विनोद मरकाम समेत अन्य उपस्थित थे। मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

### ग्रामीणों ने पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प

**डांडेसरा।** ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान ग्राम में अनेक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया, साथ ही उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। यह कार्य सरपंच पार्वती कृतराम सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर ग्राम सचिव नीरज कुर्रे, रोजगार सहायक सुनीता सिन्हा, पंचगण, पंचायत कर्मचारी, प्रथम अरोरा कुरूद के प्रशिक्षक एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### भखारा कॉलेज में स्वयंसेवकों ने 117 पौधे लगाए

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर भखारा में प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 117 पौधे लगाए गए। पर्यावरण के सरंक्षण के प्रति स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि प्रकृति की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस पौधरोपण अभियान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा एक स्वयंसेवक एक पौधा कैंपिन महाविद्यालय परिसर में चलाने का संकल्प लिया गया। स्वयंसेवकों द्वारा परिसर में कटहल के 18, नींबू के 17, जामुन के 15, अमरूद के 18 , आंवला के 18, करौंदा के 15, सीताफल के 14, मुनगा के 2 सहित कुल 117 पौधे लगाए गए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने स्वयंसेवकों को नए सत्र में पंजीयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कोर्रा स्कूल में रोपे गए एक पेड़ मां के नाम

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्रा में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर शिक्षक, विद्यार्थी व पालकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। इन पेड़ों की रक्षा के लिए वृक्ष मित्र टीम बनाई गई है। शाला विकास समिति सदस्य जगदीश्वर शर्मा ने कहा कि केवल पौधरोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, उसकी देखभाल भी जरूरी है। वृक्षों के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। वृक्षों से ही हमें प्राणवायु मिलती है। अनेक प्रकार की औषधि, फल, फूल व छाया प्राप्त करते हैं। भावी पीढ़ी को यदि स्वस्थ, खुशहाल रखना है और पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना है तो हमें अधिक से पौधे रोपने होंगे। उन्होंने बच्चों व पालकों को पौधरोपण का महत्व बताया। कार्यक्रम में सरपंच चोवाराम साहू, प्रभारी प्रधानपाठक भोजराज साहू, महेंद्र गजेंद्र, मंजु बोरकर, भावना कामड़े, स्काउट गाइड व रेडक्रास सदस्य एवं शाला विकास समिति के सदस्य समेत विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कोसमर्रा स्कूल की दो छात्राओं का मॉडल राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन

**कोर्रा(भखारा)।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी राजनादगांव में हुई जिसमें शासकीय कन्या माध्यमिक शाला कोसमर्रा से समीक्षा साहू पिता भूषणलाल साहू एवं माध्यमिक शाला देवरी विकासखंड कुरुद जिला धमतरी से सुनैना साहू पिता सदाराम साहू का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि दोनों छात्राएं अभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में कक्षा दसवीं में अध्यनरत हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर संकुल प्राचार्य चैतराम साहू, संकुल समन्वयक धीरज दीवान, प्रपा कन्या माध्यमिक शाला कोसमर्रा सुरसेन ध्रुव, मेंटर कविता सिन्हा, किरण मनहर समेत संकुल के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एनएसयूआई ने नगरी में शिक्षामंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नीट परीक्षा में धांधली को लेकर एनएसयूआई ने बजरंग चौक नगरी में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की।

एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन ने कहा कि नीट की धांधली से स्पष्ट होता है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था शिक्षा माफिया के हवाले है। इसके जिम्मेदार मोदी सरकार और उनके शिक्षामंत्री हैं।

नीट परीक्षा में हुई धांधली की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में नदीम अली, प्रमोद कुंजाम, सोनू चौहान, पारसमणि, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नोमेश सिन्हा, चितेन्द्र साहू, राकेश नेताम, अरविंद यादव, फैजल खान, चैतन्य साहू, विवेक बंजारे, सुदीप सिन्हा, उमेश साहू, उदय गुरू, योगित कुमार, मनोज साहू, बीरबल नागेश, यशवंत मरकाम, जयप्रकाश साहू, खिलेश ध्रुव, आशीष मरकाम, सौरभ, निखिल सिन्हा, चिरंजीवी समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मंडी परिसर में लगाए गए एक पेड़ मां के नाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

कृषि उपज मंडी समिति कुरुद प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण का कार्य किया गया। मंडी कर्मचारियों, राइस मिलरों, आढ़तियों एवं मंडी मजदूरों ने पौधरोपण के साथ उन्हें तैयार होते तक देखभाल करने का संकल्प लिया। पौधरोपण पश्चात प्रबुद्धजनों द्वारा पर्यावरण तथा वृक्षों के महत्व पर सार्थक चर्चा की गई।

इस दौरान मंडी सचिव राजकुमार रात्रे, मंडी निरीक्षक पन्नालाल सिन्हा, प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय केला, विरेंद्र चंद्राकर, कैलाश सद्दानी, प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश महावर, सुनील चंद्राकर, धानेश्वर चंद्राकर, भुखाऊराम साहू, तोरण चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, किशनलाल निषाद, तेनूराम सिन्हा, सरोज देवांगन, बालाराम चंद्राकर, चुम्मनलाल साहू, आशीष शर्मा, मधुसूदन बंछोर, आकाश पाटले, संतोष सिन्हा, मंगल सिन्हा, रमेश राजपूत, मोनू राव उपस्थित थे।

## स्काउट-गाइड छात्रों ने फलदार फूलदार व छायादार पौधे रोपे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

एक पेड़ मां के नाम थीम पर डॉ हजारीलाल जैन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी में गाइड कैप्टन डोलेश्वरी साहू के नेतृत्व में स्काउट-गाइड सहित विद्यालय परिवार द्वारा पौधरोपण किया गया, जिसमें फलदार, फूलदार व छायादार पौधे लगाये गए। पूर्व में लगाये गये पेड़ पौधों का संरक्षण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डीके भारद्वाज ने कहा कि स्काउट गाइड की यह पहल सराहनीय है। इन बच्चों को देखकर विद्यालय के अन्य बच्चे प्रेरित होते हैं। गाइडर डोलेश्वरी साहू ने बताया कि स्काउट गाइड पशु पक्षियों के मित्र व प्रकृति प्रेमी होते हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्ष का होना आवश्यक है। इन पेड़ों से हमें स्वच्छ वातावरण की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर स्काउट मास्टर विरेंद्र सिन्हा, राजेश देवान, प्राशा प्रपा सुभद्रा नेताम, चंद्रशेखर देवांगन, चुनुराम साहू स्काउट मुकेश कुमार, लेखराज, दुर्गेश कुमार, दुष्यंत कुमार, डोमनलाल, गाइड संध्या साहू, नेहा साहू, मोक्षा साहू, रोशनी यादव साहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पौधों को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी : जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव

# जिले की ग्राम पंचायतों में रोपे गए 50 हजार छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी





पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जिले के धमतरी विधानसभा क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने पौधों का रोपण कर सभी ग्राम पंचायतों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील लोगों से की है।

जिले के सभी स्कूलों, अस्पतालों और आंगनबाड़ियों में अभियान चलाकर वृहद पौधरोपण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। धमतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरतुली अमृत सरोवर तालाब, पोटियाडीह अमृत सरोवर तालाब, अरौद डु अमृत सरोवर तालाब, चिखली अमृत सरोवर तालाब, झुरानवागांव मिश्रित पौधरोपण कार्य, झुरानवागांव चारागाह एवं पौधरोपण बिजनापुरी चारागाह एवं पौधरोपण, अरौद (ली) चारागाह, देवपुर महानदी किनारे पौधरोपण एवं फेंसिंग कार्य, सारंगपुरी पौधरोपण एवं चारागाह हंकारा अमृत सरोवर तालाब बलियारा मिश्रित पौधरोपण कार्य, बोड़रा सा अमृत सरोवर तालाब, पीपरछेड़ी (गा) मिश्रित पौधरोपण कार्य, बागतराई अमृत सरोवर तालाब, बागतराई चारागाह एवं वृक्षारोपण, कुर्रा अमृत सरोवर तालाब, कोड़ेगांव रै, अमृत सरोवर तालाब, मोंगरागहन अमृत सरोवर तालाब, भोयना अमृत सरोवर तालाब रीवागहन चारागाह एवं वृक्षारोपण, लोहरसी मिश्रित पौधरोपण, देवरी मिश्रित पौधरोपण कार्य, अमृत सरोवर तालाब, संबलपुर अमृत सरोवर तालाब एवं चारागाह, सेहराडबरी अमृत सरोवर तालाब, कंडेल अमृत सरोवर, परेवाडीह मिश्रित पौधरोपण कार्य मुक्तिधाम, बोरिदख़ुर्द कुटीर के पास पौधरोपण कार्य, लिमतरा अमृत सरोवर तालाब, भोथली अमृत सरोवर तालाब, उड़ेना चारागाह एवं पौधरोपण, कलारतराई अमृत सरोवर तालाब, दर्री अमृत सरोवर तालाब, मड़ाईभाठा अमृत सरोवर तालाब, रांवा चारागाह एवं पौधरोपण, तरसींवा अमृत सरोवर तालाब, चारागाह एवं पौधरोपण, खरेंगा अमृत सरोवर तालाब में नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुना, आम, जामुन, अमरुद, सीताफल, नींबू, कटहल जैसे छायादार पौधों का रोपण जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने प्रोत्साहित करने कहा।

## पेज 9 का शेष

### 24 घंटे के भीतर...

लूट व गैंगवार की घटनाएं घटित हुई है। इससे शहरवासियों में भय का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जगदलपुर अब अपराधपुर बनते जा रहा है, लेकिन कांग्रेस कभी भी ऐसा होने नहीं देगी। मौर्य ने शहरवासियों और अन्य विपक्षी दलों से अपील किया है कि शहर को पहले की तरह शांत बनाने व कानून व्यवस्था को तगड़ी करने नगर बंद को सफल बनाने सहयोग करें।इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, निगम में नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, कविता साहू, राजेश राय, जावेद खान सहित अन्य उपस्थित थे।

**कांग्रेस राज में नहीं होता था अपराध-** सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस के राज में इसी पुलिस में अपराध नहीं हो रही थी। लेकिन अब सरकार बदलते ही भाजपा के शासनकाल में इसी पुलिस से अपराध नहीं रूक रहा है। इससे सीधा-सीधा सरकार पर सवाल उठ रहा है, क्योंकि कानून व्यवस्था को व्यवस्थित करने का काम सरकार का होता है।

### दाल में फफूंद...

और अन्य सामान पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलता। बताया गया कि आवासीय विद्यालय में पर्याप्त राशि शासन से मिलती है, टेंडर के नाम से लोकल दुकानों से सामान की खरीदी की जाती है। जिसमें कमीशनखोरी के चलते बच्चों के निवाले पर डाका डाला जा रहा है। यही कारण है कि बच्चों को पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता।

**बाथरूम और शौचालय की सफाई जरूरी-** जनप्रतिनिधियों ने 400 से अधिक बच्चे होने से नियमित रूप से बाथरूम और शौचालय की सफाई को जरूरी बताया। कहा गया कि गंदगी से बीमारी व अन्य तरह से समस्याएं आती है।

**शिकायत पर पहुंचे नेता-** एकलव्य विद्यालय में अव्यवस्था की शिकायत मिलने पर एक साथ क्षेत्र के भाजपा नेता पहुंचे। जनपद अध्यक्ष के अलावा जनपद उपाध्यक्ष रामानुज आचार्य, जनपद सदस्य सुनील सेठिया, मंडल अध्यक्ष फरीश बेसरा, जिला मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल महामंत्री फुलकेश्वर पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष विषम ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश भारती, नवीना दास, प्रीतम देवांगन, सुदराम पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### 17 को शुष्क दिवस

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में 17 सितंबर को मोहर्रम के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2घ एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घ तथा एफ एल 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### स्कूलों में व्यापक रूप से पौधरोपण



**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर बीजापुर जिले में भी व्यापक रूप से एक पेड़ मां के नाम के तहत 7 जुलाई को भारत स्काऊट एवं गाईड के छात्र-छात्राओ द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्कूल में किया गया जिसमे काजू, आवलां, नीबू, सीताफल, अशोक, मुनगा आदि प्रकार के पौधों का रोपण किया गया एवं सभी वृक्षों को जीवित रखने की शपथ ली गई।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 12 महिला घायल



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा में रहने वाली महिलाओं को खेत में रोपा लगाने के बाद वापस घर छोड़ने जाने के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 12 से अधिक महिला मजदूर घायल हो गईं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार राजुर निवासी युवक खेत में रोपा लगाने के लिए चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा से 23 महिला मजदूरों को लेकर बुधवार की सुबह खेत ले गया था। जहां रोपा लगाने के बाद सभी 23 महिलाओं को वापस छोड़ने के लिए चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा जा रहा था। शाम 6 बजे के लगभग जैसे ही पहाड़ी में ट्रैक्टर पहुंचा, ऊंचाई में होने के कारण ट्रैक्टर आगे नहीं बढ़ पाया और ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में आठ घायलों को पहले तोकापाल के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहां से फूलमनी 16 वर्ष, दसमती 19 वर्ष के अलावा शांति 35 वर्ष को बेहतर उपचार के लिए मेकॉज में भर्ती किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

## निधन

### गोरा बाई



**जगदलपुर।** दंतेश्वरी वार्ड निवासी गोरा बाई का आज सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम यात्रा में वार्डवासी तथा समाज के लोग शामिल हुए। मृतिका भाजपा पार्षद दल के सचेतक राजपाल कसेर की सास थी। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

---

## नये कानून के प्रति जन जागरूकता निर्मित करने में मीडिया प्रतिनिधियों की अहम भूमिका : आईजी

# कार्यशाला में दी गई नये कानून की जानकारी

### कानून में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु नये कानून में है प्रावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा गुरुवार को लालबाग स्थित शौर्य भवन में मीडिया प्रतिनिधियों को नये कानून के संबंध में जागरूकता कार्यशाला के दौरान विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि देश में 1 जुलाई 2024 से नया कानून प्रभावशील हो गया है। नवीन कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग, विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नये कानून के प्रति व्यापक जन जागरूकता निर्मित करने के लिए मीडिया की अहम भूमिका है, जो मीडिया के विभिन्न माध्यम से लोगों तक नये कानून के संबंध में जागरूकता ला सकती है। इसे मद्देनजर रखते हुए शासन के निर्देशानुसार यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक दिलीप कोसले ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन मुख्य कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गए हैं। पूर्व कानून में बदलाव किया गया है तथा अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फॉर्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से अब नागरिक अलग-अलग स्थानों में भी रहते हैं, ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि नये टेक्नॉलॉजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने नये कानून के धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत

कार्यशाला में आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित ये नये कानून दंडात्मक से न्याय-उन्मुख दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। इसका मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने सहित कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है। जिससे सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि देश में पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए बदलाव किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों के विरुद्ध प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर और ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सके, इसके लिए विभिन्न माध्यमों से लगातार जानकारी दी जा रही है।

### विश्वसनीयता बढ़ेगी

पुलिस अधीक्षक सिन्हा ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मामला होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से विश्वसनीयता बढ़ेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समयावधि निर्धारित की गई है, जिससे जवाबदेही के साथ मामलों का निराकरण हो सकेगा। उन्होंने बताया कि आईपीसी में 20 नये अपराध जोड़े गए हैं। कई अपराधों के लिए अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 6 छोटे अपराध से जुड़े आरोपियों के सुधार के लिए सामाजिक सेवा का प्रावधान किया गया है। कई अपराधों में जुर्माना वृद्धि सहित सजा की अवधि बढ़ाई गई है।

---

# 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा बस का पास



खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के पत्र पर बस एसोशिएसन के अध्यक्ष को पत्र भेजा कि 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभाग की ओर से यात्रा पर पास दिया जाएगा। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बस में निःशुल्क यात्रा कर सकें।। रिष्ठ नागरिकों से बस में किराया लेने की शिकायत मिलने पर बस का अनुज्ञा पत्र निलंबित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की अधिसूचना की अनुसूची के प्रावधान अनुसार वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक हो, को एक परिचारक सहित यात्री बस किराए से 100 प्रतिशत छूट दिया जाएगा। जिले के समस्त बस मालिकों, चालक, परिचालकों को सूचित करने का कष्ट करेंगे। यदि बस परिचालक द्वारा निःशुल्क बस यात्रा करने से सुविधा देने से इंकार किया जाता है, तो मोटरयान अधिनियम की धारा 86 के तहत संबंधित यात्री बस की अनुज्ञा पत्र एवं परिचालक के विरूद्ध धारा 34 के अधीन निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

- वरिष्ठ नागरिकों से किराया लेने पर बस का अनुज्ञा होगा निलबंन

### आवेदन नहीं पहुंचा

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि हालांकि अब तक आरटीओ कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों का आवेदन नहीं पहुंचा, आवेदन मिलने पर पास दिया जाएगा।

---

# लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ हुआ हेरापंचमी विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर गोंचा महापर्व के तहत गुरुवार को हेरा पंचमी पूजा विधान सम्पन्न हुआ, जिसमें श्रीश्री महालक्ष्मी जी की दो डोली नगर भ्रमण एवं रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुड़िचा मंदिर सिरहासार भवन पहुंची। जहां नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी के साथ लक्ष्मी-नारायण संवाद हुआ। जिसके बाद वापस लक्ष्मी जी की दो डोलियां जगन्नाथ मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ जी के श्री मंदिर से निकलने के बाद चार दिनों तक वापस नहीं लौटने से भगवान जगन्नाथ का हरण की आशंका से श्रीश्री महालक्ष्मी जी द्वारा आषाढ शुल्क पक्ष पंचमी को ढूढंने निकलने की पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार मनाये जाने वाले इस पूजा विधान को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ मनाया जाता है।

- लक्ष्मी जी की दो डोली गुड़िचा मंदिर सिरहासार पहुंची

बस्तर गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व का महत्वपूर्ण पड़ाव हेरा पंचमी पूजा विधान में श्री जगन्नाथ मंदिर से दो डोलियां निकाली गई जिसमें परम्परानुसार पहली डोली राजपरिवार, राजगुरू एवं कुवंर परिवार के यहां से होते हुए जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार में पहुंची जिसके पश्चात दूसरी डोली भी जगन्नाथ मंदिर से निकाला जाकर दोनों डोलियां एक साथ रथपरिक्रमा स्थल से होते हुए सिरहासार भवन गुड़िचा मंदिर पहुंची, एवं परम्परानुसार पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा विश्व भ्रमण में रथारूढ़ होकर निकले थे, जिसके बाद गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर चार दिनों तक रूकने से श्रीश्री महालक्ष्मी के द्वारा श्री मंदिर में जगन्नाथ जी के वापस नहीं लौटने पर उन्हें ढूढंने निकली थी। भगवान जगन्नाथ को गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर मिलने पर नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी अपनी नाराजगी भगवान जगन्नाथ के सामने रखने के संवाद को ही लक्ष्मी-नारायण संवाद कहा जाता है। जिसे आषाढ शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर श्री महालक्ष्मी जी के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के हरण की आशंका से ढूढंने निकलना और भगवान जगन्नाथ को पाकर संवाद की इस परम्परा को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है। यह परम्परा बस्तर में विगत 617 वर्षों से अनवरत जारी है।

### तुपकी निर्माण करने वाले बुजुर्गों का सम्मान

बस्तर गोंचा महापर्व के दौरान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बस्तर के पारंपरिक रूप से तुपकी बनाने वाले 10 कलाकारों का सम्मान गोंचा पर्व के दौरान भगवान जगन्नाथ को तुपकी की सलामी देने की विश्व प्रसिद्ध अनोखी परंपरा के संरक्षण के लिये किया गया। इसी तरह 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के 26 बुजुर्गो का सम्मान भी इसके साथ ही किया गया । यह परंपरा भी अनवरत चली आ रही है बजुर्गों के सम्मान में महिला एवं पुरूष दोनो ही शामिल होते है जिन महिला बजुर्ग समाज के सदस्य की उम्र 70 या उससे अधिक है उन्हें समाज के द्वारा सम्मानित किया जाता है इसी तरह पुरूष बर्जुग समाज के सदस्य की उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक बजुर्गो का सम्मान करने की परपंरा है। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज की यह अवधारणा है कि वयोवृद्ध बुर्जग सम्मान के बहाने समाज के सदस्यों के साथ बस्तर गोंचा पर्व में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का दर्शन लाभ के साथ पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

---

# लेंड्रा में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बुधवार को प्राथमिक शाला लेंड्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के नव प्रवेशित बच्चों का फूल माला व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। संकुल अंतर्गत शाला में संचालित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं मध्यान भोजन संचालन समिति समूह के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत लेंड्रा सरपंच तिले कश्यप, कार्यक्रम की अध्यक्षता उप सरपंच नानीराम कश्यप समेत ग्राम पंचायत सेड़वा, लेंड्रा के वार्ड पंच उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र एवं खंड स्त्रोत समन्वयक समलू राम कश्यप उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक महेंद्र कुमार नायक ने किया। इस अवसर पर चितरंजन विश्वास, राजरानी किस्पोट्टा एवं संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बीईओ जगदीश पात्र ने सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देते निःशुल्क गणवेश,पाठ्य पुस्तक व निःशुल्क साइकिल एवं छात्रवृत्ति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं को समय पर शाला पहुंचने हेतु निर्देशित किया। मध्यान भोजन नियमित मेनू अनुसार संचालित करने हेतु सभी संस्था प्रमुखों को अवगत करवाया एवं एफएलएन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित रूप से अध्यापन कार्य करवाए जाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया गया। वहीं बीआरसी समलू राम कश्यप के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं लर्निंग आउटकम विद्यार्थी विकास सूचकांक, शाला भवनों की मरम्मत एवं बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया एवं सभी शिक्षकों को नियत समय पर शाला पहुंचने निर्देशित किया।

---

# सीआरपीएफ ने आश्रम के बच्चों को दिए म्यूजिक सिस्टम व अन्य सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



स्थानीय शिक्षा का समर्थन करने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सीआरपीएफ 50वीं बटालियन ने कनेक्ट पीपल के तहत आज कार्यक्रम आयोजित किया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम बिरला ग्राम फन्दीगुड़ा विकास खण्ड कोण्टा में यह कार्यक्रम रखा गया। ज्ञात हो कि ग्रामीणों के बीच बढ़ते आत्मविश्वास की दिशा में यह एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का सिविक एक्शन प्रोग्राम के रूप में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में 50वीं बटालियन के कमांडेंट प्रेमजीत कुमार व उनकी धर्मपत्नी नीतू कुमारी के द्वारा बिरला कन्या आश्रम के शैक्षणिक बच्चों व ग्रामीणों के बीच पहूंच एक परिवारिक माहौल कायम करते हुए कनेक्ट पीपल कार्यक्रम के तहत आश्रम में पढ़ने वाले बच्चों के लिए एक म्यूजिक सिस्टम व कपड़े बांटे। यह कार्यक्रम आशावाद की भावना और दूरियों को पाटने और समुदायों को जोड़ने वाली शैक्षिक पहलों का समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। वितरण किए गए इन वस्तुओं की लागत पामुला किशोर द्वितीय कमान अधिकारी के मित्र विजय भास्कर द्वारा वहन की गई थी। जो वर्तमान में यूएसए में काम कर रहे है। 50वीं बटालियन ने इस कार्यक्रम की व्यवस्था और आयोजन के लिए पहल की। जिसमें 50वीं बटा. के दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी, अमृतेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं रेमता राम चौधरी उप कमाण्डेट ने भाग लिया। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव, प्रधानाध्यापक एस. श्रीनिवास, मंडल संयोजक पी. श्रीनिवास राव समेत शिक्षण स्टॉफ मौजूद थे।

---

## विहिप के प्रयास से महारा समाज के एक परिवार ने की घर वापसी

# 20 वर्ष से अपनाए ईसाई पंथ से किया तौबा, अपनाया सनातन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में महारा समाज ने घर वापसी अभियान छेड़ दिया है और लगातार अपने समाज के मतांतरित लोगों से संपर्क साध पुनः सनातन धर्म में वापस लाने में जुट गए है। इसी का परिणाम है, कि अभियान से प्रेरित होकर ईसाई पंथ छोड़ बड़ी संख्या में लोगों की लगातार घर वापसी हो रही है।

विश्व हिंदू परिषद् जिला उपाध्यक्ष कचरा पाठी परगना महारा समाज के संरक्षक प्रेम चालकी ने बताया कि बस्तर जिले के हाटपदमूर निवासी एक परिवार के कैलाश नेताम, रंजिना नेताम, रजत नेताम, रश्मि नेताम ने 20 वर्ष पूर्व हिंदू धर्म छोड़ ईसाई पंथ को अपना लिए थे। महारा समाज कचरा पार्टी परगना के चलाये जा रहे घर वापसी अभियान और हिंदू धर्म से प्रभावित होकर पुनः सनातन धर्म में ग्रामवासी व वरिष्ठ जन, समाज प्रमुखों के समक्ष सर्व सम्मति से वापसी की।

इस आयोजन में महारा समाज कचरा पाठी के संरक्षक व विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, ग्राम हाट पदमुर कचरा पाठी परगना के नाईक पाईक वरिष्ठ जन व पदाधिकारी, लोकनाथ, सियारी लाल कश्यप, तुलाराम कश्यप, देवनाथ, हरि बघेल, ईश्वर कश्यप, सीताराम नेताम, मंधर नाग, अंतराम चालक, महेश कश्यप, संतोष नेताम, शिवो नाग, जीवन दास पाईक, लूदर बघेल, सुखता कश्यप, मयतर नेताम व समस्त समाज के लोग एवं ग्राम के सदस्य उपस्थित थे।

---

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में मां के नाम 1 और बेटियों के नाम 4 पौधों का रोपण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का लेंगे शपथ**

बस्तर जिले के 7 ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कल 12 जुलाई को 5 पौधे लगाए जाएंगे। एक पौधा मां के नाम और 4 पौधों का रोपण बेटियों के नाम पर होगा। साथ ही सभी जगह बेटी बचाव एवं बेटी पढ़ाओ, बेटियों को शिक्षा देने और जल संरक्षण के साथ पौधों की सुरक्षा की शपथ ली जाएगी। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार पांडे ने बताया कि कल पौध रोपण का विशेष अभियान कलेक्टर के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया जाएगा। पौधों की व्यवस्था हो गई है तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में गडढे खोद कर तैयारी कर ली गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधी और जागरूक नागरिक इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में पर्यावरण और जल संकट को देखते हुए पौधे लगाने और पानी का संरक्षण जरूरी है, इसलिए शासन, प्रशासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरे जिले में फै लाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक साथ पौध रोपण का कार्यक्रम होगा। नन्हें बच्चों में जल और वन के प्रति जुड़ाव भी लाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## खबर संक्षेप

### हटाये गये लापरवाह पटवारी किशोर दीवान



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार पटवारी हल्का नंबर-4 भैरमबंद में पदस्थ पटवारी किशोर दीवान को जिला प्रशासन द्वारा कार्यों में अनियमितता तथा ग्रामीणों द्वारा शिकायत सही पाये जाने पर भैरमबंद से हटाकर तहसील कार्यालय कटेकल्याण कर दिया गया है। ज्ञात हो कि पदस्थ रहने के दौरान उक्त पटवारी के विरुद्ध 18 सर्व मूल बस्तरिया समाज कल्याण संघ दन्तेवाड़ा सहित एवं ग्रामीणों के द्वारा उनके संबंध में बिन्दुवार शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके अनुसार आय, जाति, निवास एवं भूमि संबंधी कार्यों के लिए पैसों की मांग करना, विगत 10 वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थ होना, जमीन दलाली के कार्यों में लिप्त रहना, मंदिर एवं धार्मिक कार्यों में बेवजह हस्तक्षेप करना, मूल बस्तरिया समाज का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर लोगों को भड़काने का काम करना तथा सभी राजनैतिक दलों के संपर्क में रहकर लाभ उठाना जैसी शिकायत दर्ज हुई थी।
उक्त शिकायतों के तहत जांच किये जाने हेतु तहसीलदार दन्तेवाड़ा की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति के द्वारा 24 जून को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, उप सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, सर्व मूल बस्तरिया समाज के उपाध्यक्ष, सह सचिव, ग्राम पंचायत टेकनार के सरपंच, उपसरपंच इसी प्रकार ग्राम कतियाररास के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि किशोर दीवान हल्का पटवारी का व्यवहार लोगों के प्रति बहुत ही अभद्र और अशालीन रहा है एवं दायित्वों के प्रति वे घोर लापरवाह रहे है। इसके अलावा संबंधितों के विरूद्ध शासकीय कार्यों के बदले पैसे के लेन-देन की बात भी उनके द्वारा कही गयी है। जिसके तहत ग्राम कतियाररास में भी अभिलेख में नाम अंकित किये जाने के लिये 2,50,000.00 (ढाई लाख) रुपये की मांग की गई है। जांच समिति जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा भी पटवारी किशोर दीवान के विरुद्ध जांच रिपोर्ट में भी कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने की पुष्टि की गई है। पटवारी किशोर दीवान के विरूद्ध पूर्व में भी पदस्थ पटवारी हल्कों में भी इस प्रकार लापरवाही बरतने के प्रमाण पाए गए है। अतः जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए संबंधित पटवारी के खिलाफ कार्यों के प्रति लापरवाही, आम जनता से शासकीय कार्यों के लिए पैसों की मांग करने एवं अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण 9 जुलाई 2024 को विभागीय जांच संस्थित कर संबंधित पटवारी का स्थानांतरण पटवारी हल्का नंबर-4 भैरमबंद से तहसील कार्यालय कटेकल्याण किया गया है।

## महापौर व निगम आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी व जंगी प्रदर्शन

# बरसते पानी में कांग्रेसी तालाबंदी करने निगम दफ्तर पहुंचे

## नेता प्रतिपक्ष को कक्ष नही देने के विरोध में कांग्रेसियों ने बोला जमकर हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी व समस्त कांग्रेस पार्षदों के द्वारा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के लिए आरक्षित कक्ष को लेकर, भ्रष्टाचार में लिप्त महापौर, जनहित के मुद्दों, शहर में हो रहे जलभराव व कांग्रेस पार्षदों के साथ निगम आयुक्त के दोहरे बरताव को लेकर गुरुवार को तालाबंदी करने निगम दफ्तर पहुंचे कांग्रेसियों के साथ पुलिस जवानों ने बल प्रयोग करते प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को किलाबन्दी के लिए लगाए बेरीकेट्स को पार करने नही दिया। इस दौरान पूर्व विधायक के नेतृत्व में बरसते पानी में घण्टों सड़क के बीचोबीच बैठ आधा घण्टे तक चक्काजाम किया। जिससे बस स्टैंड की तरफ से सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और बैलाडीला जाने वाली यात्री बसों व अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो घण्टे तक चले विरोध प्रदर्शन के अंत में भी जब कांग्रेसी निगम दफ्तर पर तालाबंदी करने में असफल हो गए तो समस्त महिला व पुरुष कांग्रेसी पूर्व विधायक रेखचन्द जैन के नेतृत्व में हाथों में चूड़ी लेकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के बीच सुरक्षा में तैनात एक जवान को एकाएक फीटस का दौरा पड़ने के बाद प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी मानवता का परिचय देते विरोध प्रदर्शन खत्म कर वापस राजीव भवन रवाना हो गए।

- किलेबंदी को भेदने पूरी शक्ति दिखा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने बलपूर्वक रोका
- बेरिकेट्स के सहारे सड़क के दोनों तरफ पुलिस ने की थी किलेबंदी

### नेता प्रतिपक्ष को अलग से कक्ष देना निगम की जबावदेही

विरोध प्रदर्शन की शुरूआत करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम के नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स के लिए नगर निगम कार्यालय में अलग से कक्ष देने की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त व महापौर के विरुद्ध नगर निगम परिसर में समस्त कांग्रेस पार्षद लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है। बावजूद आयुक्त की मनमानी व भाजपा में सम्मिलित महापौर द्वारा लगातार कांग्रेसी पार्षदों के साथ भेदभाव का सिलसिला जारी है। वहीं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को अलग से कक्ष देने के लिए निगम आयुक्त व महापौर का कोई जवाब नहीं मिल रहा है। जबकि नेता प्रतिपक्ष चुनने के पश्चात अतिरिक्त कक्ष देना निगम की जवाबदेही है।

### निगम में सत्ता हथियाने के बाद भाजपा तानाशाही में उतर आई

मौर्य ने आगे कहा, निगम में पिछले नौ साल से कांग्रेस सत्ता में थी, नेता प्रतिपक्ष भाजपा का था। नगर निगम भवन में नेता प्रतिपक्ष के लिए चिन्हित कक्ष को भी आवंटित किया गया था। भाजपा ने कांग्रेस पार्षद दल में तोड़फोड़ कर महापौर सहित आधा दर्जन लोगों को अपनी पार्टी में मिलाकर सत्ता हथिया ली। सत्ता हाथ में आते ही भाजपा तानाशाही पर उतर आई है। कांग्रेस पार्षद दल के नेता, नेता प्रतिपक्ष को, नेता प्रतिपक्ष के लिए चिन्हित कक्ष आवंटित नहीं करके दूसरा कक्ष दिया गया है। यह गलत परंपरा की शुरूआत है।





### मेयर फंड की फाइल कहां गायब की गई

नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स ने कहा कि कई बार इसको लेकर मेयर से बातचीत भी की गई, इसके बावजूद भी वह अपनी मनमानी कर रही थी। खुद बीजेपी के पार्षदों ने मेयर फंड में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और उनकी फाइल की जांच की मांग नगर निगम के आयुक्त से की थी। उसके बाद इस मामले में सभी ने चुप्पी साध ली और अब यह फाइल कहां है? इसकी किसी को भी जानकारी नहीं है। पोल खुलने के डर से सफिरा साहू बीजेपी में शामिल हो गईं, ताकि भ्रष्टाचार की फाइल हमेशा के लिए बंद हो जाए। महापौर निधि जनता का पैसा है। यह फाइल जरूर खुलनी चाहिए और उनकी भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आनी चाहिए। इसके अलावा महापौर सफिरा साहू के साथ वरिष्ठ नेता यशवर्धन राव और अन्य 4 पार्षदों के कांग्रेस पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। मेयर समेत इन पार्षदों के बीजेपी में शामिल होने से खुद भाजपाई इसका विरोध कर रहे हैं। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, सुनीता सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद प्रसाद त्रिपाठी, हनुमान द्विवेदी, समस्त कांग्रेस पार्षदगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के अध्यक्ष व कार्यकर्ता, सेवादल, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने महापौर पर लगाया आरोप

मौर्य ने महापौर पर तंज कसते हुए कहा, प्रदेश की सबसे भ्रष्ट महापौर है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि महापौर निधि में किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की फाइल खुलने के डर से सफिरा साहू ने बीजेपी का दामन थाम लिया। वहीं बीजेपी में एंट्री करने के बाद अब इस फाइल की जांच के लिए चुनाव से पहले हल्ला बोल रहे बीजेपी के नेताओं व पार्षदों ने भी अपना मुंह बंद कर लिया है। साथ ही कांग्रेस पार्टी महापौर फाइल की जांच की मांग भी करती है। आज इन्हीं सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया गया है। उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, सुनीता सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद प्रसाद त्रिपाठी, हनुमान द्विवेदी, समस्त कांग्रेस पार्षदगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के अध्यक्ष व कार्यकर्ता, सेवादल, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सम्मलित थे।

### एक घण्टे की बारिश ने निगम की पोल खोल दी

वहीं पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने नगर निगम पर तंज कसते शहर में जलभराव को लेकर कहा, शहर में एक घंटे की बारिश ने ही निगम की बरसात से पूर्व की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। पिछले दो माह से नालों की न ही सफाई हुई है, जिसके कारण ड्रेनेज सिस्टम फेल हो चुका हैं। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया, कई व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ। पहली बारिश में ही शहर के कई इलाकों में पानी भर रहा है। बाजारों में और दुकानों तक में पानी पहुंच रहा है। इधर, शहर के नालों की सफाई अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। लेकिन निगम प्रशासन व सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कुल मिलाकर जनहित के मुद्दों पर निगम प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

# एनएसयूआई और युवा कांग्रेस पदाधिकारियों के गिरफ्तारी से बौखलाए युंकाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बलौदा बाजार में सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ऑफिस में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हिंसा और आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था।

- कलेक्टर को मांगपत्र सौंप जताया विरोध, शीघ्र बाइज्जत बरी करने की मांग
- बलौदाबाजार की घटना में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई को जबरन फंसा रही पुलिस

जिस पर बलौदा बाजार पुलिस, सरकार के दबाव में चुन चुन कर राजनीतिक द्वेष पूर्ण कार्यवाही एवं अपनी विफलताओं को छुपाने एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को जबरन आरोपी बनाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर, उन्हें प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। एनएसयूआई और युंका इस कार्रवाई से बौखलाकर विरोध में उतर आए है। प्रदेश की साय सरकार पहले तो प्रदेश को अस्थिर करती है। उसके बाद हटधर्मिता दिखाते हुए पीड़ित वर्ग को सड़कों पर उतरने मजबूर करती है, बाद उसके असामाजिक तत्वों को आंदोलन में भेज कर आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देती है और अपनी विसफलता को छुपाने प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को जबरन झूठे आरोप लगाकर फंसाने का कार्य कर रही है। इसके विरोध में प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर में गुरुवार को कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में उल्लेख किया गया कि वर्तमान सरकार एवं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालिया निशान खड़े कर रहा है। पूरी घटना में निर्दोष एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी को बाइज्जत बरी करने तथा उनके ऊपर लगाए गए आरोप एवं एफआईआर को निरंक करने की मांग की गई। उक्त जानकारी बस्तर जिला युवा कांग्रेस के शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड तथा अजय बिसाई ने दी।



इस दौरान दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, युंका के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, सूरज कश्यप, विक्रांत सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष सेठिया, संदीप दास, रियाज खान, सभापति कविता साहू, लव मिश्रा, सोनारू नाग, शाइमा अशरफ, नीलम कश्यप, विशाल खंबारी, हेमू पंडित, जाहिद हुसैन, सूर्या पानी, लता निषाद, सुनीता सिंह, अंकित सिंह, जशकेतन जोशी, ललिता राव, सुखराम नाग, अफरोज बेगम, दयाराम, बलराम यादव, रोजविन दास, विक्रम डांगी, आदर्श नायक, रोशन राज, ज्योति राव, विक्की राव, कृपालु, मोहनीस, महेश द्विवेदी, महेश, लोकेश, उमाकांत, पंकज केवट, ईश्वर दान, दुशाल, एस. नीला, कोमल सेना, प्रभुदास, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक नायडू, एस. राज, राजुल जेम्स नगर निगम के समस्त पार्षद गण एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस तथा एनएसयुआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बस्तर गोंचा महापर्व समिति के पूर्व अध्यक्ष ने विधायक के समक्ष रखी थी मांग

# विधायक किरण देव ने की स्थाई गोंचा गुड़ी के निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रियासत कालीन बस्तर गोंचा महापर्व में पूरा शहर इन दिनों भक्तिमय हो गया है। गुंडिचा मंदिर-सीरासार भवन एवं श्री जगन्नाथ मंदिर में रियासत कालीन परंपरा अनुसार विभिन्न अनुष्ठान संपन्न किये जा रहे हैं। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न ग्रामों के श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ को रोजाना अमनिया भोग का अर्पण के साथ ही रोजाना हजारों श्रद्धालु श्री जगन्नाथ के भात का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा सत्यनारायण कथा, अखंड रामायण पाठ, मंडल अन्नप्राशन सहित निःशुल्क उपनयन संस्कार के अनुष्ठान जारी है। इस दौरान भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी के दर्शन के लिए पहुंचे जगदलपुर विधायक किरण देव से 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के




सदस्य एवं बस्तर गोंचा महापर्व के पूर्व अध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही ने विधायक किरण देव को यह अवगत करवाते हुए बताया कि उनके महापौर के कार्यकाल के दौरान नगर निगम की ओर से प्रतिवर्ष अस्थाई नगर गोंचा गुड़ी के निर्माण की परंपरा प्रारंभ की गई थी, जो आज भी अनवरत जारी है।

उन्होंने विधायक किरण देव की समक्ष स्थाई गोंचा गुड़ी के निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिसे विधायक किरण देव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए स्थाई गोंचा गुड़ी के निर्माण की घोषणा की है।

भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही ने विधायक किरण देव के द्वारा गोंचा गुड़ी के निर्माण की घोषणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विधायक किरण देव स्वयं सुकमा जमींदार परिवार एवं बस्तर राज परिवार से संबंधित होने से रियासत कालीन बस्तर दशहरा एवं बस्तर गोंचा महापर्व में उनका पूरा परिवार इस परंपरा-रस्म का अभिन्न अंग हैं। जिसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वे हमेशा से प्रयासरत रहे हैं। इससे पहले विधायक किरण देव अपने महापौर कार्यकाल के दौरान बस्तर दशहरा पर्व के लिए मां दंतेश्वरी मंदिर के पास नगरगुड़ी का निर्माण एवं श्रद्धालुओं के बस्तर दशहरा के देखने के लिए रैंप की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। अब इसी कड़ी में विधायक किरण देव के योगदान में श्रद्धालुओं के लिए बस्तर गोंचा गुड़ी की एक और उपलब्धि जुड़ जाएगा।

# डीआरएम घाट सेक्शन का निरीक्षण कर सुरक्षा का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंडल रेल प्रबंधक सौरभ प्रसाद ने एडीआरएम (परिचालन) मनोज कुमार साहू और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, कोट्टावलसा-शिवलिंगपुरम खंड में केके लाइन का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण, मानसून के मौसम से पहले बोल्डर गिरने की संभावना वाले संवेदनशील स्थानों का आकलन करने पर केंद्रित था, जिसमें शिवलिंगपुरम रेलवे स्टेशन और कोत्तावलसा-किरंदुल लाइन के महत्वपूर्ण खंडों पर गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य ओवर हेड उपकरण (ओएचई), पॉइंट और क्रॉसिंग, ट्रैक सर्किट और अन्य महत्वपूर्ण रेलवे बुनियादी ढांचे से संबंधित सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करना था। डीआरएम सौरभ प्रसाद ने शिवलिंगपुरम स्टेशन पर रेलवे ट्रैक, रिले रूम और सिग्नलिंग सिस्टम के साथ-साथ सुरंगों और घाट खंडों के चुनौतीपूर्ण इलाकों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा मानकों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की। तकनीकी मूल्यांकन के अलावा, निरीक्षण में सुरंगों और घाट खंडों में ओवर हेड उपकरण (ओएचई) की विश्वसनीयता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जो परिचालन दक्षता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### क्षमता वृद्धि का किया मूल्यांकन

इसके अलावा डीआरएम और अधिकारियों की टीम ने शिवलिंगपुरम और टायडा स्टेशनों पर ट्रैक्शन सब स्टेशनों की चल रही क्षमता वृद्धि का मूल्यांकन किया। इस रणनीतिक वृद्धि का उद्देश्य घाट खंड में बढ़ती ढलानों के बीच भरी हुई ट्रेनों के निर्बाध सुरक्षित संचालन कैसा करना है,इस पर फोकस किया। जिससे बढ़ती यातायात मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। परिचालन सुरक्षा के लिए मजबूत कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, सुरंगों और घाट खंडों के भीतर संचार बुनियादी ढांचे में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उक्त जानकारी वरिष्ठ मबदल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने दी।

# डॉ. सी.वी. रमन विवि ने विजय को दी पीएचडी की उपाधि



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा गर्व का विषय जिला पदाधिकारी के दायित्व का भी निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

डॉ. सी.वी. रमन विवि ने विजय साहू को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि उनके शोध विषय माइक्रोवेव डायलेक्ट्रिक बिहेवियर ऑफ सॉइल एराउंड इंडस्ट्रियल एरिया एनएमडीसी पर दिया गया है। विजय साहू ने अपने शोध में बताया है कि कृषि में तकनीक का उपयोग कृषि योग्य भूमि का सदुपयोग करने से ही हमारी समृद्धि होगी। उन्होंने सॉइल फिजिक्स में रिसर्च कर एक नया आयाम स्थापित किया हैं। विजय साहू ने अपना शोध कार्य डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी के सहायक प्राध्यापक डॉ. आशुतोष पांडेय के निर्देशन में पूरा किया हैं। इस सफलता का श्रेय शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी माई जी का आशीर्वाद, अपने माता-पिता, परिवार, गुरुजनों और सहायक प्राध्यापक पी. पठारे को दिया है। विजय साहू वर्तमान में शासकीय हाई स्कूल मेंडोली जिला दंतेवाड़ा में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साहू के अब तक कुल 13 शोध पत्र विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ है। उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक हैंड ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर बैगिनर्स, फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। उनके सारे शोध पर रिसर्च गेट डॉट कॉम में उपलब्ध हैं। वर्तमान में अनेक शोध कार्य के साथ पुस्तक लेखन पर भी कार्य कर रहे हैं। उनके परिवार, डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी, डीन डॉ. एके. श्रीवास्तव ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षक साथी के उत्कृष्ट कार्य को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी विजय साहू को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

# केन्द्रीय जेल में मिले चर्मरोग के बंदी, हो रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आयुष विभाग की टीम ने हाल ही में संभागीय मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया।

- बंदियों का उपचार सहित कराया योग का अभ्यास
- आयुष विभाग की टीम ने जेल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

इसमें 125 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ज्यादातर बंदी चर्मरोग के मिले। हालांकि गंभीर नहीं मिले, जिनका औषधी देकर उपचार कराया जा रहा है। उपचार के साथ-साथ बंदियों को संक्रामक बीमारियों से बचाव की समझाईश दी गई। उसके बाद बंदियों को योगा का अभ्यास कराया गया। बताया जा रहा है कि विभाग की ओर से हर सप्ताह के मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के गांव में पहुंच कर मोबाईल मेडिकल यूनिट की टीम जांच कर इलाज कर रही है। इसमें से चर्मरोग, बातरोगी, स्त्रीरोग, उदररोग, मधुमेह और हृदयरोगी मिले, जिनमें से चर्मरोग ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। प्रदूषित जल में स्नान करने से चर्मरोग फैलने एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। प्रदूषित जल पीने से मनुष्य में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का संचारण होने लगता है। प्रदूषित पानी से आयरन, नाइट्रेट, क्लोराइड और आर्सेनिक प्रदूषण की समस्या बढ़ गई है।





### बंदियों का किया उपचार

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीस साहू ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर आयुष विभाग की टीम ने जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर बंदियों उपचार कराया। साथ ही विभाग की मोबाईल मेडिकल यूनिट सुदूर अंचलों में सप्ताह के मंगलवार को गांव पहुंच रही है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124